हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, गुरुवार 31 अक्टूबर 2024




तापमान
अधिकतम 32 डिग्री
न्यूनतम 22 डिग्री





न्यू ओम ज्वेलर्स
हर 6000/- की खरीदी पर एक चांदी का सिक्का फ्री
शुद्ध सोने एवं चांदी के जेवरों के विक्रेता
टोटल हालमार्क ज्वेलरी उपलब्ध
जवाहर मार्केट, मेन सर्विस रोड, पावर हाऊस, भिलाई SUNDAY OPEN
शुभ खरीदी के लिए ओम ज्वेलर्स परिवार में आपका स्वागत है
▪ मिनीमम एमाउंट में बुकिंग करें ▪ जितना सोना उतना चांदी फ्री
संबंधित प्रतिष्ठान : ओम ज्वेलर्स
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग | बाजार चौक, कुम्हारी | रिसाईपारा, धमतरी


## खबर संक्षेप

### वार्ड 17 में चला डेंगू मलेरिया बचाव अभियान




**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में डेंगू मलेरिया बचाव एवं मच्छर उन्मूलन हेतु निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। आयुक्त बजरंग दुबे के निर्देश पर पांचों जोन के स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा अपने-अपने जोन क्षेत्र में बीमारी की रोकथाम हेतु अभियान चला रहे है। नगर निगम भिलाई का दल वार्ड क्रं. 17 नेहरू भवन पुरानी बस्ती के आस-पास कुलर, पानी की टंकी, कन्टेनर, शौचालय एवं नालियों में डेंगू मलेरिया बचाव एवं मच्छर उन्मूलन के लिए मैलाथियान, टेमिफास, जला आईल आदि का छिड़काव किया जा रहा है। उसके साथ-साथ नागरिको को जागरूक करते हुए बता रहे है कि पानी को उबालकर पीए, शुद्व ताजा भोजन करे। बाहर के बासी खादय सामग्री खाने से बचे, किसी प्रकार की उल्टी-दस्त, कपकपी के साथ बुखार आदि होने पर नजदीक के शासकीय अस्पताल में डॉक्टर को दिखाकर दवा लेवें। अपने मन से मेडिकल स्टोर से दवा लेने से बचें, स्वयं से सुरक्षा ही सबसे बड़ा बचाव है। अभियान के दौरान जोन के वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक के.के.सिंह, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, अनिल मिश्रा, विरेन्द्र बंजारे, हेमंत मांझी, सुदामा परगनिया, गोपी साहू, चुर्णमणी यादव आदि उपस्थित रहे।

### छोटी दिवाली पर चमकी बाजार, करोड़ों का हुआ कारोबार

# दीपावली पर सजी ट्विनसिटी, आज शाम 5.36 मिनट से होगी पूजा शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

ट्विनसिटी में दिवाली पर्व 31 अक्टूबर को मनाई जाएगी। इस दिन माता लक्ष्मी का पूजन होगा।दूसरे दिन 1 नवंबर को गोवर्धन पूजा होगी। भिलाई-दुर्ग सिटी सबसे बड़े उल्लास के इस पर्व को मनाने के लिए सज-धज कर तैयार है। हर घर आंगन में रंगोली बिखेरी गई है। झालरों से मार्केट से लेकर घरों तक आकर्षक सजावट की गई है। बुधवार को लोगों ने छोटी दिवाली मनाई। पूजन कर घरों के सामने दिये जलाए।



### दिवाली पूजन का शुभ मुहूर्त और समय

<B>दिवाली कार्तिक अमावस्या पर होती है और इस साल कार्तिक अमावस्या तिथि का आरंभ 31 अक्टूबर को 3 बजकर 52 मिनट पर हो रहा है। कार्तिक अमावस्या तिथि 1 अक्टूबर को शाम 6. 16 मिनट पर रहेगी। जबकि 31 अक्टूबर को सूर्यास्त शाम 5. 36 मिनट पर हो रहा है। ऐसे में दिवाली पूजा का मुहूर्त 31 अक्टूबर को 5 बजकर 36 मिनट से आरंभ हो रहा है। लेकिन स्थिर लग्न वृषभ 6 बजकर 32 मिनट से 8 बजकर 33 मिनट तक रहेगा। लेकिन इस बीच अमृत चौघड़िया शाम 7 बजकर 14 मिनट तक रहेगा। इसलिए दीपावली पर 31 अक्टूबर को लक्ष्मी पूजन का सबसे उत्तम समय शाम 6. 32 बजे से 7 .14 बजे तक रहेगा। वैसे 8. 32 मिनट तक भी स्थिर लग्न वृषभ में दिवाली पूजन कर सकते हैं।

### पटाखे चलाने का समय भी निर्धारित

त्योहार पर पटाखे फोड़ने के लिए एनजीटी के गाइड लाइन के अनुसार जिला प्रशासन ने समय भी तय किया है। दीपावली पर्व पर रात्रि 8 बजे से 10 बजे तक, छठ पूजा में प्रातः 6 बजे से 8 बजे तक, गुरू पर्व पर रात्रि 8 बजे से 10 बजे तक, नया वर्ष/क्रिसमस पर रात्रि 11:55 से 12:30 बजे तक ही पटाखे फोड़ने का समय निर्धारित किया गया है। केवल उन्ही पटाखों के उपयोग करना है जिससे ध्वनि स्तर निर्धारित सीमा के भीतर हो। सीरीज पटाखे अथवा लड़ियों की बिक्री, उपयोग एवं निर्माण को रोकने की कार्यवाही भी सुनिश्चित की गई है। ऐसे पटाखा निर्माता जिनके द्वारा पटाखों में लिथीयम, अर्सेनिक, एन्टिमनी, लेड एवं मर्करी का उपयोग हुआ है उसे प्रतिबंधित किया गया है।



### बाजार में हुई जमकर खरीदारी

भिलाई-दुर्ग के बाजारों में बुधवार को भी जमकर खरीदी हुई। सराफा, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रानिक्स, इलेक्ट्रिकल, कपड़ा, सजावटी समान, श्रृंगार , बर्तन, दीए से लेकर सभी तरह के आइटम लोगों ने खरीदे। धनतेरस पर भी यहां बाजार जोरों पर था। दूसरे दिन भी बाजार में जमकर कारोबार हुआ है। करोड़ों रुपए मार्केट में आया है। शाम को यह स्थिति थी कि मार्केट के भीतर पैर धरने की जगह नहीं रही। दिवाली पूजन के सामान खरीदने के लिए लोग सबसे ज्यादा पहुंचे थे।
0

### दिवाली पूजा मुहूर्त विवरण

- अमावस्या तिथि आरंभ -31 अक्टूबर दोपहर 3 बजकर 52 मिनट
- अमावस्या तिथि समाप्त -1 नवंबर शाम 6 बजकर 15 मिनट दिवाली पूजन के लिए उत्तम मुहूर्त शाम 6 बजकर 15 मिनट से 7 बजकर 14 मिनट
- दिवाली पूजन के लिए अन्य मुहूर्त -7 बजकर 15 से 8 बजकर 33 मिनट
- दिवाली पर निशीथ काल में पूजा का मुहूर्त- रात 11 बजकर 39 मिनट से 12 बजकर 30 मिनट तकशुभ मुहूर्त की

### कारों की जमकर हुई बिक्री

दिवाली पर ऑटो सेक्टर में करोड़ों का कारोबार हुआ है। व्यवसाईयों के मुताबिक नए नए डिजाइन के कारों की डिमांड रही। दुपहिया वाहन भी खूब बिके। लोगों ने इस बार इलेट्रिकल दुपहिया वाहन खरीदने में खासी दिलचस्पी दिखाई। इसके अलावा पेट्रोल वाहन भी खरीदने के लिए लोगों ने एक महीने पहले ही बुकिंग करवा ली थी। जिसकी डिलवरी ऑटोमोबाइल शॉप से की गई। पिछले साल की अपेक्षा इस साल ज्यादा वाहन बिके हैं।

## तीन माह पहले लव मैरिज फिर लगा ली फांसी, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

तीन माह पहले लव मैरिज करने के बाद पति पत्नी में जमकर हुआ विवाद उसके बाद पति ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। कुम्हारी थाना प्रभारी जनकराम कुर्रे ने बताया कि श्रृंगारपुर बलौदाबाजार निवासी धनेश्वर चक्रधारी उर्फ लाला

▪ कुम्हारी थाना क्षेत्र की है घटना, टिम्बर संचालक के यहां करता था काम

ने तीन माह पहले युवती से लव मैरिज किया था। मृतक लाला आशीष शुक्ला के लकड़ी टाल में काम करता था। मंगलवार की रात पुलिस को लाला की पत्नी ने फोन पर सूचना दी कि अपने कमरे में फांसी लगा लिया है। मौके पर पहुची पुलिस की टीम ने जांच किया जहां लाला का शव वो पंखे से लटका मिला। शव को नीचे उतारा और पंचनामा कार्रवाई के बाद उसे पीएम के लिए उसे सुपेला अस्पताल भेजा गया। लाला काफी दिनों से शुक्ला लकड़ी टाल में रहता था। लाला कुम्हारी की एक युवती से प्यार हो गया। लाला ने जुलाई 2024 को दोनों ने लव मैरिज कर ली। लाला अपनी पत्नी के साथ ही लकड़ी टाल में रहता था। मामले में पुलिस जांच में जुटी हुई है।

### पत्नी को पीटा फिर लगा ली फांसी

बताया गया है कि लाला को दीवाली से पहले सेठ ने वेतन दिया था कि घर का राशन और दीवाली के लिए मिठाई लाना। लेकिन लाला घर से सामान लेने निकला फिर लौटा नहीं। लाला ने मिले रुपए से दोस्तों के साथ मिलकर शराब पार्टी करने लगा। देर होने पर उसकी पत्नी खोजते हुए लाला के पास पहुच गई। इस दौरान दोनों के बीच विवाद हो गया। लाला ने घर आकर पत्नी के साथ मारपीट किया। उसके बाद वो अपने कमरे में जाकर पंखे के सहारे फांसी लगा ली।

## त्योहार पर नहीं होगी बिजली बंद

**भिलाई।** दिवाली पर्व पर बिजली विभाग ने विशेष व्यवस्था की है। विद्युत वितरण कंपंनी ने सब स्टेशनों में पावर फेल न हो इसके लिए पूरे समय अधिकारी तैनात किए गए हैं। तकनीकी विशेषज्ञ इन स्टेशनों पर ड्यूटी देंगे। खासकर रात्रिकालीन लोगों के यहां झालर जलने से बिजली का लोड त्योहार पर बढ़ जाता है। इसे देखते हुए विद्युत वितरण कंपंनी के द्वारा रात को गश्ती दल भी रहेगा। मोबाइल और वॉकी टॉकी से लेस गश्ती दल को कहीं भी बिजली बंद की सूचना मिलने पर वह तत्काल वहां पहुंच जाएगा और बिजली बहाल कर देगा। सबसे ज्यादा शिकायत फ्यूल कॉल की आती है। इसलिए सभी वितरण केंद्रों पर कर्मियों की संख्या बढ़ा दी गई है। रात को भी ये कर्मी कॉल अटेंड करेगे।

## दिवाली पर निगम कर्मियों में खुशी, 12.22 करोड़ का हुआ वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

दिवाली पर भिलाई निगम ने अपने कर्मियों व अस्थाई कर्मियों के लिए बड़ी पहल की है। इस बार श्रमिकों को 12.22 करोड़ रूपए विभिन्न मदों से भुगतान किया गया है। जिसकी वजह से श्रमिकों में खुशी है। इतनी बड़ी राशि निगम में कार्यरत नियमित अधिकारी,कर्मचारी, एजेंसी के माध्यम से कार्यरत अस्थाई

▪ भिलाई निगम ने जारी की विभिन्न मदों से राशि

श्रमिकों, कम्प्यूटर आपरेटरों एवं स्वच्छता दीदियों व सफाई कामगारों को बांटे हैं। खास बात यह है कि आयुक्त बजरंग दुबे ने उपलब्ध संसाधनों से सभी को व्यवस्थित रूप से बहुत कम समय में इतना बड़ी राशि का एक साथ भुगतान निगम भिलाई में हुआ है।




### वेतन के लिए चल रहा संघर्ष विराम

भिलाई निगम में विभिन्न कार्य एजेंसियों के माध्यम से हो रहे हैं। इन कार्यों के लिए शासन से फंड आता है। फंड समय पर नहीं मिलने की वजह से भिलाई निगम आयुक्त बजरंग दुबे ने दिवाली के मद्देनजर कर्मियों का मेहताना देने मदों का उपयोग किया। जिसकी वजह से दिवाली पर कर्मियों व श्रमिकों को हड़ताल करने की नौबत नहीं आई।

### इन मदों से जारी की गई इतनी राशि

निगम के अनुसार कार्यरत नियमित अधिकारीव कर्मचारी, एजेंसी के माध्यम से कार्यरत अस्थाई श्रमिकों, कम्प्यूटर आपरेटरों एवं स्वच्छता दीदियों और सफाई कामगारों को लगभग 6 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया है।इसी तरह जोन कार्यालयों को पार्षद निधि, विधायक निधि, सांसद निधि, मूलभूत सुविधा, पेयजल व्यवस्था, खनिज न्यास मद और स्कूल जतन योजना मद की करीब 2 करोड़ 41 लाख रुपए से वेतन के रूप में दिए गए हैं। पेयजल व्यवस्था मद से 77 लाख, 14 वां वित्त से 44 लाख, 15 वां वित्त से 20 लाख, 121 बीएलसी हितग्राहियों के खातें में करीब 53 लाख, प्रधान मंत्री आवास योजना की राशि करीब 1 करोड़ 9 लाख , ठेकेदारों के जमा अमानत राशि लगभग 42 लाख, सेवानिवृत्ति व मृत्यु के अवकाश नगदीकरण करीब 36 लाख रुपए का भुगतान किया गया।

## ठगी के मामले में न्यायालय ने दिया आदेश, पुलिस जुर्म दर्ज करे

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

मोबाइल दुकान संचालक के खाते से ऑनलाइन बैंकिंग के जरिए 1 करोड़ 20 लाख की ठगी होने का मामला सामने आया है। इसे लेकर नेवई पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया। परेशान पीड़ित ने तुरंत दुर्ग न्यायालय पहुचकर परिवाद दायर किया। इसके बाद न्यायालय ने नेवई पुलिस को ठगी का मामला दर्ज करने का आ दे श दिया है। अधिवक्ता

▪ मोबाइल दुकान संचालक के साथ हुआ घटना

रविशंकर सिंह ने बताया कि रमेश कुमार मारकंडे की नेवई में मोबाइल की दुकान है। दिसंबर 2023 में उसके भतीजे का दोस्त विकास चंद्राकर उसकी दुकान में अपना मोबाइल बनवाने के लिए आया था। उसने रमेश से एक मोबाइल चलाने के लिए स्टैंड बाई के रूप में मांगा। दुकान में ग्राहक होने से रमेश ने उसे जो मोबाइल चलाने के लिए दिया। उसमें से सिम



निकाला भूल गया, जो सिम उस मोबाइल में लगा था उसी से वो अपने करंट अकाउंट का ऑनलाइन ट्रांजेक्शन भी करता था। विकास ने उसका फायदा उठाया और 13 दिसंबर 2023 को रमेश के खाते से चार-पांच घंटे के भीतर ही 1 करोड़ 20 लाख रुपए पार कर दिया। बैंक से रमेश के पास फोन आया। रमेश को जब पता चला तो उसके होश उड़ गए। बैंक ने कहा कि आप बैंक में आकर संपर्क करें। रमेश ने तुरंत अपने भतीजे को बैंक भेजा। बैंक जाने पर पता चला कि उसी के दोस्त विकास चंद्राकर ने खाते से लिंक सिम और मोबाइल पाकर 1 करोड़ 20 लाख रुपए पार कर दिया।

### परेशान होकर परिवाद दायर किया

अधिवक्ता ने बताया कि जब रमेश ने विकास चंद्राकर को फोन करने पर उससे पूछा कि मोबाइल वो ले गया है, उसमें उसका सिम लगा था। उसने उसके खाते से ऑनलाइन 1 करोड़ 20 लाख रुपए निकाला है। इस पर विकास ने पीड़ित से कहा कि वह बेंगलुरु में है। वापस आने पर उससे मिलेगा। इसके बाद आरोपी अपना मोबाइल बंद कर लिया। लेकिन बेंगलुरु से वापस नहीं लौटा है। परेशान रमेश ने अधिवक्ता रविशंकर सिंह के माध्यम से न्यायालय में परिवाद दायर किया न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी दुर्ग शिवानी सिंह की अदालत ने मामले की सुनवाई करते हुए पुलिस को ठगी का अपराध दर्ज करने का आदेश दिया।

### दिवाली पर आई एक गरीब के घर में बड़ी खुशी

# टोपी -चश्मा बेचने वाले की बेटी बनी सबइंस्पेक्टर

देवीलाल साहू ⏭भिलाई

एक टोपी-चश्मा बेचने वाले के लिए यह सबसे बड़ी दिवाली है। इसलिए कि उसकी बेटी सब इंस्पेक्टर बन गई और उसका सपना पूरा हो गया। स्टेशन मरोदा फ्लाईओवर ब्रिज के नीचे फुटपाथ पर बांस-बल्ली तानकर अपने और अपने परिवार का गुजारा करने वाले शिव चंद्राकर की बेटी रंजना चंद्राकर का चयन सीजी पीएससी में हुआ है। चार साल इंतजार के बाद ऐन दिवाली के वक्त रिजल्ट निकला। यह एक गरीब पिता के लिए उसकी बेटी का दिवाली गिफ्ट है।



### चार बार की नेशनल चैम्पियन है रंजना

रंजना गोला फेंक की नेशनल खिलाड़ी है। वे बताती हैं कि चार बार नेशनल खेलकूद प्रतियोगिता खेली। इस खेल में वह छत्तीसगढ़ स्टेट चैम्पियन रही। कोच विनोद नायर हैं। वर्ष 2021 में जब सीजी पीएचसी का फार्म भरा उसके बाद से तैयारी शुरू की। सब इंस्पेक्टर पद के लिए फिजिकल टेस्ट पास करना बेहद जरूरी होता है इसलिए उसने सुबह तीन और शाम तीन घंटे मैदान में पसीना बहाती और 10 घंटे तक लाइब्रेरी में पुस्तकें पढ़कर परीक्षा की तैयारी करती।



### मां-पिता व बहन का सपोर्ट मिला

स्कूल स्तर की पढ़ाई टंकी मरोदा सरकारी स्कूल से पूरी की। बीएससी बॉयोलाजी की पढ़ाई सांइस कालेज दुर्ग से की। शुरूआत से ही मेधावी रही है। हर कक्षा में वह प्रथम श्रेणी में ही उत्तीर्ण होती रही। वह अपनी कैरियर के इस सफर में सफलता का श्रेय अपने पिता शिव चंद्राकर, माता धनेश्वरी चंद्राकर व बड़ी बहन भूमिका चंद्राकर को देती है। भूमिका भी इंजीनियरिंग की है। रंजना बताती है कि दीदी भूमिका हर वक्त मनोबल बढ़ाने का काम की जिसकी वजह से इस मुकाम तक पहुंची।

### पिता के कारोबार में भी हाथ बंटाती रही रंजना

पिता शिव चंद्राकर बताते हैं कि रंजना छोटी बेटी है। टोपी-चश्मा बेचने के लिए वे सुबह से ही घर से निकलते हैं और रात हो जाती है। ऐसे में दोपहर रंजना ही खाना लेकर आती। सामान बेचने में भी वह हाथ बटाती रही है। अपनी बेटी की इस सफलता से वे बेहद गद्गद हैं। वे कहते हैं इस दिवाली की खुशी जीवन की सबसे बड़ी है। मेरी दोनों बेटियों ने पढ़ाई में मान बढ़ाया है। उनकी सफलता से हम गौरान्वित हैं।

## दो दिन बंद रहेगी सरकारी अस्पतालों की ओपीडी

**भिलाई।** दिवाली पर सरकारी अस्पतालों की ओपीडी दो दिन बंद रहेगी। जिला अस्पताल, सिविल अस्पताल सुपेला, शहरी स्वास्थ्य केंद्र और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की ओपीडी गुरुवार और शुक्रवार को नहीं खुलेगी। इन अस्पतालों में 24 घंटे आपातकालीन इलाज की सुविधा रखी गई है। डॉ पियम सिंह ने बताया कि दिवाली पर्व पर किसी घटना के मद्देनजर तीन शिफ्टों में डॉक्टरों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। पटाखे चलाने पर जलने या फिर आंख में बारूद के कण चले जाने की ज्यादातर शिकायतें आती है। इसलिए जिला अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सकों को कॉल पर रहने की हिदायत दी गई है। इसी तरह दिवाली के दूसरे दिन मातर पर्व पर मारपीट या दुघर्टना के मामले आते हैं। जिसके लिए भी आपातकालीन में चिकित्सा व्यवस्था दुरूस्त की गई है।


पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
7987328736, 7489348301


दीपोत्सव की
हार्दिक शुभकामनाएं...


दीपावली
की हार्दिक
शुभकामनाएं
मुरलीमनोहर देशमुख
ओम शिव शक्ति पब्लिक स्कूल
बाबा मोहंदीपाट मंदिर के सामने, मोहंदीपाट, जिला-बालोद (छ.ग.)
7803836107, 9826888193


दीपावली की
हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं
भोजराम साहू
लक्ष्मी वस्त्रालय
संतु सायकल
राजा जनरल स्टोर्स
भालुकोनहा-8839768807


दीपावली की
हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं
संतोष कुमार टंडन
राजकुमार टंडन
माही पान पैलेस
अटल चौक, अंडा


दीपावली की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
भूषण देशमुख


शुभ
लाभ
दुर्ग भिलाई शहर वासियों को
दीपावली, भाई दूज, मातर की
हार्दिक बधाई शुभकामनाएं
सूर्यकांत सिन्हा
पूर्व पार्षद एवं एम.आई.सी. सदस्य
सेक्टर-6, भिलाई
देव मिश्रा
भिलाई


नरेंद्र मोदी
किरण सिंह देव
विष्णुदेव साय
विजय शर्मा
विजय बघेल
सरोज पांडे
जितेंद्र वर्मा
मातर, देवारी, गोवर्धनपूजा,
अऊ भाई दूज के
ग्रामवासी, क्षेत्रवासी के संगे संग
मीत मितान और जम्मों संगवारी मन ला
गाड़ा गाड़ा बधाई, शुभकामना
ललित चंद्राकर
दिनेश देशमुख
उपाध्यक्ष किसान मोर्चा, पूर्व मंडल अध्यक्ष,
पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत थनौद.


प्रेमप्रकाश पाण्डेय
विजय बघेल
ललित चंद्राकर
राजदीप यादव
जीत यादव
खिलेश यादव जी के तरफ से
दुर्ग भिलाई शहर वासियों को
दीपावली, भाई दूज, मातर की
हार्दिक बधाई शुभकामनाएं


खुशियों एवं प्रकाश के महापर्व
दीपावली
की
हार्दिक शुभकामनाएं...



BANDHAN
MAZBOOTI KA
Bandhan
WIRED WITH TRUST
Mazboot wire ke sath apne nirman ko banayein mazboot
BBW 25KGS HI-ID
(BBW-25)
For Enquiry Call: 9826988845
Pawan Industries
enquiry@pawanindustries.net
38-B, Light Industrial Area, Bhilai (C.G.)
www.bandhanwire.com | www.pawanindustries.net


चौदह वर्ष के वनवास को पूरा कर
रामलला के अयोध्या लौटने के उपलक्ष्य में
मनाये जाने वाले दीपों के पर्व
दीपावली
की आप सभी को
हार्दिक
शुभकामनाएं
888 995 8883
SUN VALLEY
ENGLISH MEDIUM SCHOOL
KOHKA, MANGAL MARKET, PURANI BASTI, BHILAI


MANSA
GROUP OF INSTITUTIONS
Recognized by : NCTE, Delhi
Affiliated to Hemchand Yadav University, Durg
Affiliated to CSVTU
HAPPY DIWALI
GRADUATE - POST GRADUATE COURSE
B.Ed
M.Ed
B.P.Ed
B.A.
B.Com
TECHNICAL COURSES
Polytechnic : Electrical Mechanical MOM
ITI : Fitter Electrician COPA
Mansa College, Kohka Road, Kurud, Bhilai
+91 7772034444 | +91 6232078369
Website : mansacollege.com Email : mansacollege@gmail.com


दीपोत्सव
की
हार्दिक
शुभकामनाएं
श्रीमती ज्योति शर्मा
डायरेक्टर-
देव संस्कृति कॉलेज ऑफ एजुकेशन एण्ड टेक्नॉलॉजी
देव संस्कृति विद्यालय
DEV SANSKRITI VIDYALAYA
(English Medium School)
Mob.: 7987165676, 9329974333
6266696500, 7974809167
Kapri, Dhamdha Road, Durg


॥ शुभ दिपावली ॥
उदय कॉलेज
जामुल-भिलाई,
मोबा.992601105
B. A., B.Sc(Bio), B. Ed, PG Diploma in Yoga & Philosophy
PGDCA, B.COM, B.COM (Computer)
उदय पब्लिक स्कूल
जामुल-भिलाई,
मोबा.7909999899
Nursury to 8th
(English Medium)
उदय इंग्लिश मीडियम स्कूल
छावनी-भिलाई,
मोबा.9893399132
Nursury to 8th


प्रकाशोत्सव के पावन पर्व
दीपावली
की समस्त देशवासियों को
हार्दिक शुभकामनायें
#BhilaiCanDo
अतुल पर्वत
चेयरपर्सन :-
भिलाई केन-डू पर्वत फाउंडेशन


आप सभी को
दिपावली
के पावन पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रकाश सांखला
अध्यक्ष - सराफा बाजार, दुर्ग
उपाध्यक्ष - छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज


आप सभी को
खुशियों एवं प्रकाश के महापर्व
दीपावली
की
हार्दिक शुभकामनायें
HERITAGE
INTERNATIONAL PUBLIC SCHOOL, DURG
C.B.S.E. AFFILIATED
(Affiliation No.: 3330198)
DISE CODE : 22100720810
School Provides Admission Under RTE Act.
Admission Help desk
7566660470 / 71 / 75
DURG BYPASS ROAD, DURG (C.G.)
www.heritageschools.org
heritage.schools@yahoo.com
/Heritage International Public School


धनतेरस एवं दीपावली
की आप सभी को हार्दिक बधाई
धन की देवी माँ लक्ष्मी की कृपा आप सदा बनी रहे
TVS
देव टी वी एस
टी वी एस गाड़ियो के अधिकृत डीलर
पता - रानीतराई रोड (आजाद चौक) पाटन,जिला - दुर्ग (छ.ग.)
मो. 9981086462
धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
हमारे पास आपकी हर जरूरत का समाधान है
जीवन बीमा (LIC)
स्वास्थ्य बीमा (मेडिक्लेम)
म्यूचुअल फंड
होम लोन
व्यापार बीमा
जनरल इंश्योरेन्स
कृष्णा इंश्योरेंस & सर्विसेस
कृष्ण कुमार देवांगन
COT (Coat Of The Table)
Wealth Manger- Financial Planning Expert
Specialize in Rretirement Planning
WEALTH MANAGER
LIC
भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
सम्पर्क : कॉलेज रोड, भरर चौक पाटन, मो. 9340499861, 7869798721
समस्त देशवासियों को खुशियों एवं प्रकाश के महापर्व दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
राजेश ठाकुर
ब्लाक अध्यक्ष जामगांव आर
अशोक साहू
उपाध्यक्ष जिला पं. दुर्ग
अमित टेलर्स
सूट स्पेशलिस्ट पाटन
आप सभी को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
मनु लाल देवांगन
राम विसाल कोसे
कृष्णा ज्वेलर्स
आप सभी को धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक बधाई
कृष्णा ज्वेलर्स
सोने व चांदी के आभूषणो के विक्रेता
मो. 8871933348
पता - रानीतराई रोड, आजाद चौक पाटन
आप सभी को खुशियों एवं प्रकाश के महापर्व दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
मनोज साहू
गायत्री मेडिकोज
शैलेष साहू
गायत्री फार्मेसी
9993199582
9753498461
हमारे यहां अंग्रेजी आयुर्वेदिक एवं मवेशी का दवाई उपलब्ध है।
आप सभी को खुशियों एवं प्रकाश के महापर्व दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
9770982014
शुभ मोबाईल
सेल्स एवं रिपेयरिंग
साहू हार्डवेयर एवं जनरल स्टोर्स
दीप जलें नई आशाओं के,
उन्नति और उत्कर्ष की राह चलें।
शुभ हो दीवाली जन-जन की,
मिटें भेद खुशियों के रंग सजें।
दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं...
Happy Diwali
अरमान वासाशंकर
आप सभी को धनतेरस, लक्ष्मी पूजा गोवर्धन पूजा एवं भाईदूज की हार्दिक शुभकामनाएं...
न्यू पाण्डेय मेडिकल स्टोर्स
शास. हास्पीटल के सामने,पाटन,जिला-दुर्ग (छ.ग.)
पाण्डेय मेडिकल स्टोर्स
तहसील ऑफिस के सामने,पाटन,जिला-दुर्ग (छ.ग.)
हमारे यहां अंग्रेजी आयुर्वेदिक एवं मवेशी का दवाई उपलब्ध है।
जितेन्द्र पाण्डेय
मो. - 9893366770
मन पाण्डेय
आप सभी को खुशियों एवं प्रकाश के महापर्व दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Diwali
राज देवांगन
पूर्व पार्षद
मिलन देवांगन
उपाध्यक्ष,भाजयुमो मध्य पाटन मण्डल
प्रतिष्ठान - वर्षा सायकल स्टोर्स
पुराना बस स्टैण्ड पाटन
श्री सांई पैथोलॉजी लैब
कम्प्यूटराइज्ड पैथोलॉजी एवं खून जॉच केन्द्र पाटन
मो. - 9993231602,8770253202
आप सभी को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
योगेश साहू
आप सभी को खुशियों एवं प्रकाश के महापर्व दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
देवांगन मेडिकल स्टोर्स
भवन देवांगन
आप सभी को खुशियों एवं प्रकाश के महापर्व दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
अर्पिता आभाष दुबे
पार्षद वार्ड क्रं. 08,पाटन
आप सभी को दीपावली के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Diwali
होरीलाल देवांगन
नगर अध्यक्ष बीजेपी
श्रीमती सीता देवांगन
भाजपा महामंत्री
मध्य मण्डल पाटन
दीपावली
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें
महिला प्रभारी वार्ड क्र. 10, पाटन
श्रीमती सरस्वती देवांगन
आप सभी को खुशियों एवं प्रकाश के महापर्व दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
LIC
भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
जिन्दगी के हर पल आपके साथ
श्रीमती अरुणा यादव
(बीमा सलाहकार)
मो. - 9893362883,8871881246
निवास - वार्ड 05 अरारा,पाटन जिला - दुर्ग (छ.ग.)
कन्यादान पॉलिसी
बचायें 50/- प्रतिदिन
बलराम देवांगन
(बीमा सलाहकार)
पता : सुभाष चौक,पाटन
खुशियों एवं प्रकाश के महापर्व दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
मॉ काली मेडिकल होलसेल एवं डिस्ट्रीब्यूटर
प्रो. रूप कला वर्मा मो. 9085067853
पता: बाबू बगीचा पाटन,जिला - दुर्ग (छ.ग.)
आप सभी को दीपावली के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Diwali
नितेश तिवारी
सांसद प्रतिनिधि
मो. 9752985852
इन्द्रजीत वर्मा
संबंधित फर्म - आई सी ई कम्प्युटर प्रशिक्षण संस्थान,कॉलेज रोड पाटन
खुशियों एवं प्रकाश के महापर्व दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
मेघनाथ यदु
मो. 7898884801
इन्द्रजीत वर्मा
(पिन्टू वर्मा)
मो. 9589594935
कान्हा इन्टरप्राइजेस
श्री गणेशाय नमः प्रॉप्टी डीलर पाटन
पता: मकान नं. 62 दीनदयाल कॉलोनी पाटन
आप सभी को खुशियों एवं प्रकाश के महापर्व दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
महावीर प्रॉपर्टी डीलर,पाटन
हमारे यहाँ जमीन खरीदी बिक्री किया जाता है।
पता -अस्पताल चौक,पुलिस थाना के सामने पाटन
एक बार सेवा का मौका जरूर देवे।
प्रो. नितेश साहू
संपर्क करे - 8871702257,9893046515
उमंग न्यूज एजेंसी पाटन
आप सभी को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
भूषण देशलहरे
मो. 9993203874
समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करे....

# दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं...
































## खबर संक्षेप

### विधायक ललित ने दीपावली की दी शुभकामनाएं



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने प्रदेशवासियों को नरक चतुर्दशी और छोटी दीपावली की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि दीपावली से एक दिन पहले कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को छोटी दिवाली मनाई जाती है, इसे नरक चतुर्दशी या रूप चौदस के रूप में मनाया जाता हैं। विधायक ने कहा है कि छोटी दिवाली पर आप सभी के जीवन से चिंता और दुःखों का नाश हो। आप सभी को सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य और संपन्नता प्राप्त हो।

### हर्षिता ने सीए फॉउंडेशन में मेरिट में बनाई जगह



**अंडा।** दुर्ग जिला के ग्राम कोनारी निवासी कामेश साहू व सरस्वती साहू की पुत्री हर्षिता साहू ने सीए फॉउंडेशन में मेरिट अंक लाकर माता पिता का नाम रौशन किया। उन्होंने बताया कि लगातार कड़ी मेहनत और पालकों के सहयोग से ये मुकाम हासिल किया है। अपने लक्ष्य को दृढ़ संकल्प बना कर प्रतिदिन लगभग 5-6 घंटे पढ़ाई के लिए देते थे। सीए बनकर वाणिज्यिक क्षेत्र में कैरियर बनाना चाहती है। माता पिता के सपनो को साकार कर रही हर्षिता ने अपने संस्कृति संस्कार को भी भलीभांति ख्याल रखती है। छत्तीसगढ़ी संस्कृति उनकी प्रेरणा है और आगे चल कर छत्तीसगढ़ के सभी व्यपारी के उत्थान में काम करेंगे। अपनी शिक्षा के इस कामयाबी के लिए अपने माता पिता और गुरुजनों का बड़ा आशीर्वाद बताया। यह साहू समाज के साथ साथ क्षेत्र के लिए गौरव की बात है।

### लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**कुम्हारी।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी शांति नगर वार्ड क्रमांक 8 के सार्वजनिक गणेशोत्सव समिति मंच में मुनगाडीह अंबागढ़ चौकी, मानपुर मोहला वाले का लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया ।

## दीप पर्व : मां लक्ष्मी को प्रसन्न करने जगमग हैं गांव-गांव

# रंगोली बनाने के विभिन्न तरीकों को अपनाने लोगों को करते हैं प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दिवाली हिंदुओं का बड़ा और पवित्र त्योहार है। दीपों के पर्व दिवाली के अवसर पर मां लक्ष्मी को प्रसन्न करने के लिए रंगोली बनाने की परंपरा रही है। दिवाली के अवसर पर घरों को अलग-अलग तरह से सजाया जाता है। कुछ लोग पूरे घर को दीयों से रौशन करते हैं तो कुछ इलेक्ट्रिक लाइटों से, लेकिन जब तक घर को रंगोली से नहीं सजाया जाए कुछ अधूरा सा लगता है। माना जाता है कि बिना रंगों के हर खुशी अधूरी है, इसी वजह से देश में लगभग हर बड़े त्योहार पर रंगोली बनाने की परंपरा है। कहा जाता है कि मां लक्ष्मी अपने कुमकुम लगे पैरों से वहीं प्रवेश करती हैं, जहां साफ-सफाई और रचनात्मकता होती है और रंगोली उसी रचनात्मकता का प्रमाण है। दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत चिंगरी निवासी पूर्वी मानिकपुरी, डाली मानिकपुरी, पिता फणीष मानिकपुरी ने बताया कि दिवाली के दिन रावण का वध करने के बाद जब श्रीराम अपनी पत्नी सीता और भाई लक्ष्मण के साथ 14 वर्षों का वनवास काटकर अयोध्या वापस लौटे थे, तब अयोध्यावासियों ने उनका पूरे हर्षोल्लास से स्वागत किया था। लोगों ने अपने घरों की साफ-सफाई करके उन्हें स्वच्छ बनाकर रंगों तथा फूलों की मदद से रंगोली सजाई थी और घर को दीपक से सजाया था, इसलिए तब से ही दिवाली पर रंगोली और दीए जलाने का नियम बन गया है।

**चिंगरी में मानिकपुरी परिवार ने बनाई रंगोली**



### शुभ कार्यों में बनाई जाती है रंगोली

रंगोली डिजाइन बनाने की परंपरा बहुत पुराने समय से है। इसका मुख्य उद्देश्य सजावट तो होता ही है साथ ही इससे घर में सौभाग्य आता है और घर आने वाले मेहमान भी सजावट देखकर प्रसन्न होते हैं। घर की महिलाएं रंगोली बनाने का काम करती हैं। दिवाली के दिन तो उनका उत्साह देखने लायक होता है। विवाह हो, त्योहार हो या फिर कोई भी शुभ मुहूर्त हो रंगोली हर घर में बनाई जाती है। दिवाली पर हर घर में रंगोली बनाई जाती है। आज के समय में रंगोली बनाना बहुत आसान हो गया है। शुभ मौके पर घर के द्वार पर रंगोली सजाना भारतीय संस्कृति का एक अहम हिस्सा है और हमें हमारे वास्तविक रीति रिवाजों से बांधे रखती है। प्रायः प्रत्येक घर के सामने दिवाली के दिन रंग-बिरंगी रंगोली देखने को मिलती है। रंगोली घर की सुंदरता को बढ़ाती है। आदि काल से चली आ रही इस परंपरा का अस्तित्व आज भी कायम है।

### रंगोली की डिजाइन, एक पीढ़ी दूसरे पीढ़ी को सिखाती है

रंगोली के डिजायन और रंग प्रान्त, परंपरा और लोगों की संस्कृति के अनुसार बदल जाते हैं। रंगोली दो शब्दों रंग और अवली से बना है। इसका अर्थ है रंगों की रेखा। रंगोली रंगे चावल के पाउडर और फूलों की पंखुड़ियों से बनाये जाते हैं। दिवाली की रंगोली बनाने के लिए रंगीन चावल का पाउडर, फूलों की पंखुड़ी, हल्दी पाउडर और सिंदूर का प्रयोग होता है। रंगोली के डिजाइन में हिंदू देवी-देवताओं की आकृति, ज्यामितीय आकृतियां, रेखाएं, डॉट डिजायन, गोल फ्लोरल डिजायन और पिकॉक शामिल किये जाते हैं।

### स्टेंसिल में सिर्फ रंग भरकर बना सकते हैं रंगोली

ग्रामीण क्षेत्र के कई घरों में आज भी यह परंपरा कायम है तथा दीवाली पर घरों में अलग-अलग प्रकार की रंगोली बनाकर पूजा की जाती है। बाजार में आजकल तो रेडिमेड विभिन्न प्रकार की रंगोली आसानी मिल जाती है। यह सामान्य से थोड़ी अलग दिखने वाली डिजाइन है। जिसमें आठ कोण होते है। इसमें सफेद रंग का प्रयोग बहुत ही खूबसूरती से किया गया है, जो रंगोली के डिजाइन को उभारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। बीच में हरे रंग के अलावा विभिन्न रंगों का इस्तेमाल किया गया है। पहले के समय में जहां खुद ही चावल या बुरादा रंगना पड़ता था वहीं आज सब कुछ रेडिमेड मिल जाता है। हमें सिर्फ अपनी पसंद के रंग चुनने हैं। जिन लोगों को अब तक ये शिकायत हुआ करती थी कि उन्हें रंगोली नहीं बनानी आती, उनके लिए भी बाजार में स्टेंसिल मौजूद हैं। अलग-अलग डिजाइन में उपलब्ध स्टेंसिल में सिर्फ रंग भरकर आप एक खूबसूरत रंगोली बना सकते हैं।

## जांच के नाम पर हो रही खानापूर्ति

# पंचदेवरी में फर्जी मस्टररोल बनाकर की गई अनियमितता

**घोटाला**

- ग्राम पंचायत के सरपंच पर लगा गंभीर आरोप
- सूचना के अधिकार में बड़ा खुलासा




हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ग्राम पंचायत पंचदेवरी कुम्हारी में फर्जी मस्टररोल बनाकर शासन के रुपयों का दुरपयोग करने का मामला सामने आया है। जिसका आरोप गांव के अरुण कुमार लहरे ने सरपंच संत कुमारी सोन और सचिव चंद्रकला टंडन पर लगाया है। धारा 40 सह पठित धारा 92 पंचायत राज अधिनियम 1993 के तहत पीड़ित ने आरोप लगाया है कि वर्ष 2020 से सरपंच पद पर संत कुमारी सोनके पदस्थ है। अपने कार्यकाल में मस्टरोल, रोकडबही और अंकेक्षण दीप को आरटीआई के अंतर्गत मांगा गया। उल्लेख है कि सरपंच संत कुमारी सोनके अनियमितता की गई है। सचिव चंद्रकला टंडन के साथ मिलकर सरपंच संत कुमारी सोनके अपने जेठ को नल ऑपरेटर के पद पर नियुक्ति कर मजदूरी के लिए कई बार भुगतान किया गया। अरुण कुमार लहरे ने आरोप लगाया है कि पंचदेवरी में महेन्द्र ट्रेडर्स को मुरम का बिल दिया गया लेकिन वाउचर 4 जुलाई 2021 में कितना ट्राली मूरम गया उसे नहीं दर्शाया गया है। इसके अलावा सरपंच संत कुमारी के जेठ लोकप्रकाश सोनके का मानदेय राशि माह अप्रैल से जून 2022 तक का 9 हजार रुपए भुगतान रोकड़ बही क्रमांक 26 में 28 जुलाई 22 तक है। अरुण कुमरा लहरे का आरोप है कि लोक प्रकाश दिनेश, बुधारु को 300 मजदूरी दर से 6-6 दिन के हिसाब से 1800-1800 रुपए मजदूरी होता है। लेकिन दिनेश, लोकप्रकाश को 1200-1200, बुधारु 1800 रुपए भुगतान किया गया है। इसके अलावा दिनेश, बुधारु, लोकप्रकाश को 5400-5400 रुपए अलग से वाउचर में दर्शाया गया है। बल्कि पावती में उक्त तीनों का कोई भी हस्ताक्षर नहीं है।

### मजदूरी 4400 लेकिन भुगतान 80 हजार किया

अरुण के मुताबिक ग्राम पंचायत पंचदेवरी कुम्हारी में जमकर सरकारी रुपए का दुरपयोग किया गया है। इसमें नाली जीर्णोधर का मजदूरी भुगतान की राशि 4400 रुपए दर्शाया गया है। लेकिन 80 हजार रुपए का भुगतान करने का आरोप है। इसके अलावा इस ग्राम पंचायत में रुपए का बंटरबाट किया गया है। इससे साबित हो रहा है कि विभाग भी इन पर मेहरबानी कर रही है। साथ ही साथ यहां सीसी रोड नाली निर्माण के लिए वाउचर 39 में 4 नवम्बर 2022 के अनुसार मजदूरी राशि 12 हजार 600 दर्शाया गया है।लेकिन 1 लाख रुपए का भुगतान किया गया है। दोनों हाजिरी रजिस्टर में चंद्रिका बाई और मिलापा बाई के नाम मजदूर के रुप में उल्लेख किया गया है।इस तरह ग्राम पंचायत पंचदेवरी कुम्हारी में सरकारी राशि का जमकर का बंदरबाट किया गया है।

## शिक्षकों ने कराया न्योता भोज



**कुम्हारी।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कुगदा की शिक्षिका इंदु सोनकर ने अपनी पुत्री के जन्म दिन के उपलक्ष्य में और कौशलेंद्र भारद्वाज प्रधानपाठक के द्वारा 170 छात्र-छात्राओं को नेवता भोजन के अन्तर्गत समोसा व जलेबी खिलाया गया। न्योता भोजन छत्तीसगढ़ शासन की महत्वपूर्ण योजना है इस योजना के अन्तर्गत किसी समुदाय या सामाजिक संगठन, विशेष व्यक्ति के द्वारा स्वेच्छा से शासकीय स्कूल के छात्र-छात्राओं को नेवता भोजन कराया जाता है। इस न्योता भोजन की संक्षिप्त जानकारी राजमहंत ओंकार प्रसाद मार्कण्डेय पार्षद सत्यनगर वार्ड 22 कुगदा व जिलामहामंत्री अनुसूचित जाति मोर्चा जिला भिलाई भाजपा के द्वारा देते हुए इस न्योता भोजन के लिए दोनों शिक्षकों को बधाई व धन्यवाद

## दीपोत्सव में संस्कार का जलाएं दीप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

- दीपावली पर्व को लेकर शिक्षाविदों से की गई चर्चा

दीपोत्सव में दीप जलाकर अमावस्या की अंधेरे को दूर भगाएं प्रकाश फैलाए जीवन को महकाए फ़टाके फोड़ने के शौकीन है तो सावधानीपूर्वक फ़टाके चलाए। बच्चों के साथ माता पिता बड़े साथ रहकर फ़टाके आतिश बाजी कराए। स्कूलों की अवकाश का भरपूर आनंद उठाए।उक्त अपील क्षेत्र के शिक्षा विदों ने करते हुए कहा कि दीपोत्सव में संस्कार का दीप जलाए भाई चारा की रोशनी फैलाए। आतिशबाजी माता पिता बड़ों के साथ सुरक्षित दायरे में करे।

### सजगतापूर्वक दीपोत्सव मनाए



सेजस जामगांव आर प्राचार्य राजेश पिल्लई ने कहा कि दीपावली अवकाश भारत की संस्कृति को माता-पिता, बड़ों छोटों के साथ जीवंत रूप में देखने समझने का सुंदर अवसर है। माता पिता बड़ों के मार्गदर्शन में दिनचर्या व्यतीत करे समय निकालकर होमवर्क या पढ़ाई में भी बच्चे रुचि लेकर अपना भविष्य संवारे।

### दीपोत्सव में दीप जलाए



प्रधानपाठक छन्नूलाल साहू ने कहा कि प्रत्येक पर्व भारत की संस्कृति को महकाती है और दीपोत्सव को अंधेरा भगाकर प्रकाश फैलाती है। ऐसे महान पर्व में भगवान राम की आराधना का सुंदर अवसर भी आता है।

### संस्कार का स्त्रोत दीपोत्सव



सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर प्राचार्य पूरणलाल बारले ने कहा कि दीपोत्सव पर्व संस्कार का बहुत बड़ा स्त्रोत है सुआ नृत्य राउत नाच जो घर-घर जाकर भाईचारा विनम्रता का जीवंत संदेश देता है।अवकाश होने के कारण संस्कार का यह दृश्य बच्चो को रूबरू देखने समझने को मिलता है । जिसकी गहरी पैठ संतान पर पड़ती है और परंपरागत ढंग से सदियों से चली आ रही है।

### पीढ़ी दर पीढ़ी का सुहाना पर्व दिवाली



संकुल समन्वयक रूपेश साहू ने कहा कि दीपोत्सव का पर्व जीवन में नई रोशनी देता है भाईचारा और संस्कार को बढ़ाता है।प्रत्येक पर्व हमे मेल मिलाप के साथ चलने सिखाता है। संतान माता पिता को देखते देखते बाद में अपनी बारी आते ही सैम रोल प्ले करने लग जाता है और पीढ़ी दर पीढ़ी यही संस्कार हल्की पुलकी परिवर्तन के साथ सदियों से आ रही है सदियों की सफर के लिए। फटाकों को सुरक्षित ढंग से उपयोग करे ।

## शुभ दीपावली: कलरफुल रंगोली से सजाया घर का द्वार, दीपोत्सव आज




**भिलाई।** हरिभूमि सुपेला भिलाई स्थित कार्यालय के पास कलरफुल रंगोली से घर का द्वार सजाया गया है। शुद्धि क्लीनिक के स्टाफ ने इसे तैयार किया है। इसके साथ ही सभी को दीपोत्सव को बधाई का संदेश दिया है।

**बिजनेस साइट**

## भगवान धन्वन्तरि के अवतरण दिवस पर केएस कंबाइन की खरीददारी



**भिलाई।** 29 अक्टूबर भगवान धन्वन्तरि के समुद्र मंथन के लिए अवतरित होने के उपलक्ष्य पर ही आज का दिन धनतेरस कहलाया। ऐसे शुभ अवसर पर करेला ऊपरवाह राजनांदगांव के कृषक भागचंद साहू ने खेती कार्य में उत्कृष्ट बहुफसलीय सेल्फ प्रपोल्ड कंबाइन मशीन केएस 9300 की खरीददारी कर स्वयं ही नहीं अपितु पूरे ग्राम को गौरवान्वित किये। आज हमारा देश विकासशील से विकसित भारत की ओर गगनचुंबन जैसे करीब आ चुका है। कृषि प्रधान देश के विकसित अवस्था में पहुंचने में कृषकों की अहम भूमिका है। भौगोलिक अवलोकनार्थ हमारे देश के कुल क्षेत्रफल का 11% पर्वत, 18% पहाड़ियां, 28% पठार क्षेत्र होने के बावजूद मात्र 43 प्रतिशत हिस्सा ही मैदानी क्षेत्र है फिर भी कड़ी मेहनत एवं दृढ़ संकल्प आत्मविश्वास के चलते ही कृषि जगत में आधुनिकीकरण का परिणाम है कि हम विकासशील से विकसित भारत का निर्माण कर नये युग का शंखनाद करने में सफलता के अंतिम पड़ाव पर हैं। खेती मशीनरीयों के आधुनिकीकरण में हरियाणा, पंजाब अग्रणी रहा है जिसका लाभ पूरे देश को प्राप्त हो रहा है। ऐसे ही औद्योगिकी पंजाब के मलारकोटला में स्थित केएस एग्रीकल्चर है जो कि 'बिक्री से ज्यादा बिक्री पश्चात सेवा' के तर्ज पर कार्य करती हुई अपने रिसर्च एवं अनुसंधान केंद्र में नित नये प्रयोग कर देश के कृषकों को आर्थिक सुदृढ़ता प्रदान करने में 'मील का पत्थर' साबित हो रही है। ऐसे औद्योगिकी द्वारा निर्मित मशीनरी मशीनरींयों की खरीददारी करने करेला ऊपरवाह के कृषक भागचंद साहू ने अपने ईस्टमित्रों के साथ कमला मोटर्स पहुंचकर मशीन की खरीददारी की यंत्र की चाबी प्रदान करते हुए मां भवानी क्रेन के संचालक पुत्र अंशुल राजपूत, कमला मोटर्स से पद्मेश बरमेचा, शाखा प्रबंधक खेमचंद गुप्ता, अभियंता किशोर निषाद, शंखनादनीय पुजारिन नंदिता सामंत, बरमेचा एलीवेटर के सहायक अभियंता अमर यादव आदि साथीगण एवं चाबी ग्रहण करते हुए भागचंद साहू, राजेंद्र साहू, प्रमोद साहू, विकास साहू, पालेंद्र यादव, दीपक गहने आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

## नरेश टीवीएस में घूमो दुनिया और गिफ्ट ऑफर की धूम




**भिलाई।** रिसाली कृष्णा टॉकीज रोड में स्थित नरेश टीवीएस जो कि टीवीएस कंपनी का एकमात्र अधिकृत विक्रेता है। यहां दिपावली के त्योहारी सीजन पर उपहारों एवं ऑफर की धूम मची हुई है जिसे लोगों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। नरेश टीवीएस के संचालक हिमांशु ने बताया कि हमारे यहां घूमो दुनिया ऑफर के तहत लक्की ड्रा के द्वारा इंटरनेशनल टूर जिसमें बाली, वियतनाम, कंबोडिया जैसे विदेशों की यात्रा निःशुल्क कराने की व्यवस्था है। इसके अलावा हर खरीदी पर निश्चित उपहार प्राप्त करने का ऑफर दिया जा रहा है। जिसमें स्क्रेच करने पर 6 हजार मूल्य तक के गिफ्ट पाने का सुनहरा अवसर ग्राहकों को दिया जा रहा है। कोई भी वाहन खरीदने पर हेलमेट फ्री दिया जा रहा है और एक्सटेंडेड इलेक्ट्रीकल वारंटी एक साल का अतिरिक्त दिया जा रहा है साथ में पेट्रोल फ्री दिया जाएगा। नरेश टीवीएस में सर्विसिंग की सुविधा उपलब्ध है। नरेश टीवीएस में गिफ्ट पाकर ग्राहक खुश हो रहे हैं। यहां नई टीवीएस जूपिटर 110, टीवीएस एनटार्क, राइडर स्पोर्टस, अपाचे, टीवीएस एक्सल 100, इलेक्ट्रीक आइक्यूब आसान किस्तों पर कम डाउन पेमेंट पर बैंक द्वारा फाइनेंस करने की सुविधा उपलब्ध है। ग्राहकों से अपील की गई है कि एक बार नरेश टीवीएस में आकर अवश्य देखें।

## भगवान श्रीकृष्ण की मूर्ति स्थापित



**अंडा।** कोसरिया यादव समाज ग्राम अंडा के द्वारा बाजे गाजे के साथ भगवान श्री कृष्ण मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा स्थापना विधिवत पूजा पाठ पं. दीपक पाण्डेय के द्वारा किया गया। यादव समाज के प्रमुख चैतराम यादव, सुदर्शन लाल यादव, श्याम सुंदर यादव, अरुण यादव, गुलाम यादव, रेवा यादव, मोहन यादव, आनंद यादव, खेदू यादव, भोला यादव, ललित यादव, कमलेश यादव, मिथुन यादव, लोहारी यादव, दीपक यादव, नरेंद्र यादव, जोहन यादव, भुनेश्वर यादव, गोपाल यादव, मुरली यादव, भिखारी यादव, एलियन यादव, राजू यादव, महेंद्र यादव, गिरधर यादव, रमेश यादव, प्रहलाद यादव, नंद यादव, रामदास यादव, मुकुंद यादव, दीपक यादव, बुधारु यादव, शंकर यादव, मालती यादव, उतरा यादव, उमा यादव, लता यादव, राधा यादव, शीला यादव, मधु यादव, कौशिल्या यादव, दिनेश्वरी यादव, नीता यादव, कमलेश्वरी आदि उपस्थित थे।

**न्यायालय तहसीलदार बोरी, जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र.-202410102700013/अ-74/ वर्ष 2024-25

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक सुरज यादव पिता कुंवरसिंह निवासी ग्राम अरसी, तहसील बोरी, जिला दुर्ग छ. ग. ग्राम अरसी, प.ह.न. 02 तहसील बोरी स्थित भूमि ख.न. 452 रकबा 0.08 हे. जो कि आवेदक कन्हैया, सूरज दोनों पिता कुंवरसिंह एवं सालिक बेवा कुंवरसिंह के नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज है, की मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने के कारण डुप्लीकेट ऋण पुस्तीका प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन मय बैंक चालान, नक्शा, खसरा एवं बी-1 की नकल, नोड्युज, पुलिस रिपोर्ट की कापी, तलवाना सहित आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है जोकि इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदकगण के नाम पर द्वितीय प्रति ऋणपुस्तिका जारी किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या दावा हो तो वह स्वयं अथवा अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ सुनवाई तिथि 06.11.2024 को या उसके पूर्व उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14.10.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

(मुहर) तहसीलदार बोरी
तहसील-बोरी, जिला दुर्ग छत्तीसगढ़

NX MODULAR KITCHEN Galaxy NX
10-15 साल की वारंटी के साथ
No. Extra Expenses
इस त्योहार बनाएं मॉड्यूलर किचन आकर्षक ऑफर के साथ...
Gift Hamper up to 15000/-*
/KitchenGalaxyNXModular
₹60,000 ₹90,000 ₹1,50,000
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur 9977115597, 8319076661

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
6&7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राफ थ्रेशर
7-पंखों वाला थ्रेशर मात्र 2 लाख से प्रारंभ
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.)
8819840000

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नसों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पैरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं
मुंहासे • सोरायसिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया
अर्टिकेरिया • फंगल इनफेक्शन • टेली कंसलटेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

# दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं...





































**खबर संक्षेप**

### सेवानिवृत्ति पर बीएसपी प्रबंधन ने दी विदाई

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र की सेवा से अक्टूबर माह में 84 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। इनमें खदान बिरादरी के सदस्यों सहित 8 कार्यपालक व 76 गैर–कार्यपालक शामिल हैं। भिलाई निवास में आयोजित समारोह में संयंत्र के गैर–कार्यपालकों को भावभीनी विदाई दी गई। बीएसपी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डां. कौशलेन्द्र ठाकुर, मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर, महाप्रबंधक विजय शर्मा तथा उप महाप्रबंधक सही राम झाखर ने कार्मिकों को सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान किया। प्रबंधन ने सेवानिवृत्तों के योगदान को सराहते हुए उनके स्वस्थ और सुखी जीवन की कामना की।

### एफएसएनएल से सुमित सेवानिवृत्त, हुआ सम्मान



**भिलाई।** फेरो स्क्रेप निगम लिमिटेड भिलाई में प्रधान सहायक के पद पर कार्यरत सुमित सिंह बुधवार को सेवानिवृत्त हो गए। वे एफएसएनएल में 39 साल 6 महीने कार्यरत रहे। फेरो इस्पात श्रमिक संघ भिलाई के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री सिंह के सेवानिवृत्त होने पर यूनियन व कर्मियों ने उन्हें विदायी दी और उनके स्वस्थ जीवन की कामना की।

### राज्योत्सव में वन मंत्री होंगे मुख्य अतिथि

**दुर्ग।** राज्य शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में जिले में 5 नवंबर 2024 को पुराना गंजमंडी गजपारा दुर्ग में राज्योत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। उक्त आयोजन में प्रदेश के वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री केदार कश्यप मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे।



#### नयनदीप विद्यामंदिर के दृष्टिबाधित बच्चे पढ़ाई के साथ कला में भी लहरा रहे परचम

# संगीत के हौसले से अपनी जिंदगी को रौशन कर रहे नन्हे कलाकार

**कला के साथ रोजमर्रे के कार्यों में भी आम लोगों के लिए बने मिसाल**



विमलशंकर झा ▸▸ भिलाई

नियति ने भले ही उन बदनसीब मासूमों की आंखों में अंधेरा भर दिया हो लेकिन वे मन की आंखों की रोशनी से अपनी जिंदगी को बखूबी रौशन कर रहे हैं। हिम्मत ए मरदा मदद ए खुदा की तर्ज पर उन्हें सेवा और संवेदना के हरकारों की मदद क्या मिली कि उनके हौसले को ऐसे पंख लगे कि वे बरबस गुनगुनाने लगे - तेरी आंखों से सारा संसार हम देखेंगे, देखेंगे इस पार और उस पार हम देखेंगे...। शिक्षा के साथ कला में पगे भिलाई के ऐसे प्रतिभावान नेत्रहीन नौनिहाल सामान्य बच्चों के लिए भी प्रेरणा बने हुए हैं। ट्विनसिटी के ह्दय स्थल पर स्थित नयनदीप विद्यामंदिर इन दृष्टिबाधित कलावंत बच्चों के लिए अनुकरणीय मिसाल साबित हो रहा है।

सामान्य लोग यदि कलाकार हों तो वे निसंदेह सराहना के पात्र होते हैं लेकिन जन्म से अपनी आंखें खो देने वाले यदि कलावंत हों तो इन्हें अनुकरणीय कहा जाता है। रोटरी चेरीटेबल ट्रस्ट भिलाई द्वारा सिविकसेंटर में संचालित दृष्टिबाधितार्थ आवासीय स्कूल नयनदीप विद्यामंदिर में ऐसे एक दो नहीं बल्कि 25 बच्चे हैं, जो आंखें नहीं होते हुए भी कलाकार हैं। मानो नियति ने उनकी रौशनी छीनकर बतौर प्रायश्चित कला की नेमत दी हो। रोटरी चेरीटेबल ट्रस्ट की हौसलाआफजाई से इन कलाकार बच्चों के लिए दूसरा घर बने इस स्कूल में शिक्षा के साथ संगीत की तालीम भी मिल रही है, जिसके चलते यहां आर्केस्ट्रा की तरह दृष्टिबाधित कलाकारों का म्यूजिकल ग्रुप है, जो अंचल में चर्चित है। क्लास वन से 11 तक पढ़ने वाले यह नन्हें कालाकार लोकगीत, फिल्मी व देशभक्ति गीतों के साथ भजनों की सुमुधर प्रस्तुति के साथ ढोलक, तबला, मृदंग आर्गन आदि साज बजाने में भी पारंगत हैं। कलावंत बच्चे अपनी रंगारंग प्रस्तुति भिलाई दुर्ग सहित आसपास कई स्थानों में दे चुके हैं। वे प्रसिद्ध लोकगायिका अलका व लोकेश चंद्राकर के साथ भी कार्यक्रम दे चुके हैं। पूर्व राज्यपाल अनसुईया, पूर्व मंत्री प्रेमप्रकाश पांडेय, पूर्व विधायक अरुण वोरा, देवेंद्र यादव, सांसद विजय बघेल और सराहना कर चुके हैं। कुछ बच्चे क्रिकेट, फुडबाल, चैस व कबड्डी के भी खिलाड़ी है जिन्हे शहर में पुरस्कार भी मिल चुका है। क्लास छठवीं के छविन देवांगन बताते हैं कि लोकगीत व भजनों को गाने के साथ तबला व ठोलक भी बजाते हैं। नयनदीप की प्रिंसिपल और संगीत शिक्षिका श्वेता महोबिया बताती हैं कि हमारे सभी बच्चे गाड गिफ्टेड है, हम पढ़ाई के साथ उनकी छिपी हुई संगीत की प्रतिभा को बस निखारने का काम कर रहे हैं। इसमें सरकार की मदद की दरकार है। रोटरी चेरीटेबल ट्रस्ट के प्रोजेक्ट डायरेक्टर जीसी जैन बताते हैं कि नेत्रहीन बच्चों के जीवन मे में यदि हम थोड़ी सी बी रोशनी ला सके तो समझेंगे कि हमारा यह प्रयास सार्थक हुआ।



### कला से बढ़ी इच्छाशक्ति



नयनदीप विद्यामंदिर में 11 वीं में पढ़ने वाले अछोटी के पीयूष निषाद लोकगीत व फिल्मी गीतों के साथ ढोलक भी बजाते हैं। पिता अश्विनी व्यवसायी मां यमुना गृहिणी व दो भाई एक बहन हैं। उनकी रोशनी बीमारी में जाती रही। बताते हैं कि संगीत का शौक बचपन से है और स्कूल में पढ़ाई के साथ संगीत परवान चढ़ा। आठवीं के भिलाई के थमेश ठाकुर गायन के साथ तबला बजाते हैं। पिता रामप्यारा मां तुलसी ने गायन में रुचि जगाई। ग्यारहवी के लेमन बताते हैं कि संगीत से जीवन में रोशनी के लिए शक्ति व यहां शिक्षा से रोजगार मिलेगा। वे लोकगायिका अल्का चंद्राकर के साथ भी कार्यक्रम दे चुके हैं। क्लास वन के 9 वर्षीय आनंद बताते हैं कि भजनों में रुचि है, स्कूल में पढ़ाई के साथ संगीत भी सीख रहे हैं।

# कर्मचारियों की एकजुटता से सफल हुई हड़ताल



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

- संयुक्त यूनियन ने बोरिया गेट व मुर्गा चौक पर बीएसपी कर्मचारियों का जताया आभार, कहा जल्द पूरी करें मांगें

8 साल से अपूर्ण सेल वेतन समझौता पूर्ण करने सहित अन्य लंबित मांगों को लेकर एनजेसीएस यूनियनों के 28 अक्टूबर को सेलव्यापी आंदोलन के तहत भिलाई इस्पात संयंत्र में हुई हड़ताल की सफलता का श्रेय संयुक्त यूनियन ने कर्मचारियों को दिया है। संयुक्त यूनियन द्वारा हड़ताल को अभूतपूर्व बताते हुए बुधवार को सुबह बोरिया और मेन गेट पर आभार सभा का आयोजन किया गया। यूनियन नेताओं ने बोरिया गेट पर एकत्रित होकर संयंत्र जा रहे कर्मियों को हड़ताल सफल करने के लिए धन्यवाद दिया। संयुक्त यूनियन नेताओं ने कहा कि प्रबंधन की लाख कोशिशों के बाद भी हमारी हड़ताल सफल रही। यह कामयाबी कर्मचारियों और यूनियनों की एकजुटता से ही मिली है। जब कर्मी मुद्दों को आत्मसात करते हैं तो वह उन मुद्दों के समर्थन में होने वाले गतिविधियों में भागीदारी करना शुरू कर देते हैं। वही स्थिति बीएसपी के अंदर तेजी से हो रही है। पहले कर्मी यह जानते थे कि हमारी जो भी मांगें हैं, उसे देर सवेर प्रबंधन दे ही देगा। लेकिन प्रबंधन के अड़ियल रवैया के सामने आने के साथ ही कर्मी इस बात को समझ गए कि संघर्ष किए बिना अपने हक को हासिल कर पाना संभव नहीं है। इसीलिए संयुक्त के आह्वान पर संघर्षों में उतरने लगे हैं।

### मांगें मनवा कर ही थमेगा यह संघर्ष

संयुक्त यूनियन के नेताओं ने कहा कि यूनियनें प्रबंधन के सामने मांगों को रख चुकी हैं और उन मांगों को पूरा करवाने के लिए लगातार संघर्षरत हैं। आंदोलन विभिन्न चरणों को पूरा कर संघर्ष 28 अक्टूबर की हड़ताल तक पहुंचा। अब प्रबंधन की जिम्मेदारी है कि वह बैठक बुलाए और इन मुद्दों पर यूनियनों से चर्चा कर सार्थक समाधान निकाले मांग पूरा होने पर ही यह संघर्ष थमेगा। एक जनवरी 2017 से अपूर्ण वेतन समझौता को पूर्ण करने, एरियर्स व एचआरए भुगतान, ग्रेच्युटी फार्मूला में बदलाव और ठेका मजदूरों का पे रिवीजन समझौता हमारा अधिकार है।

### कर्मी हक मांग रहा है भीख नहीं

आभार प्रदर्शन के दौरान प्रबंधन को चेतावनी देते हुए संयुक्त यूनियन के नेताओं ने कहा है कि कर्मी अपना हक मांग रहा है भीख नहीं। कर्मी जब मेहनत करके लोहा बनाता है तभी सेल को अकूत मुनाफा होता है। ऐसे में प्रबंधन की यह जिम्मेदारी है कि वो जल्द वेतन और भत्तों से जुड़े मामलों का समाधान निकाले ताकि कर्मियों का मनोबल ऊंचा उठाकर उत्पादन को बढ़ाया जा सके। कर्मचारियों के सभी मुद्दों पर चर्चा करने सेल प्रबंधन अब अति शीघ्र एनजेसीएस बैठक बुलाए। इससे कर्मचारियों का मनोबल और प्रबंधन के प्रति विश्वास बढ़ेगा और आगे बड़ी हड़ताल की नौबत नहीं आएगी।

### बीएसपी का सतर्कता जागरुकता सप्ताह

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के सतर्कता विभाग द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। इसके तहत बुधवार को इस्पात भवन से इक्विपमेंट चौक तक सुबह 7 बजे से 'वकेथन' का आयोजन किया गया। संयंत्र के कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह की शपथ दिलाने के बाद रैली को झंडी दिखाकर कर रवाना किया। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक डां. एके पंडा, पवन कुमार, बीके गिरी, सीएमओ प्रभारी डां. रविन्द्रनाथ एम, आफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष एनके बंछोर, महासचिव परविंदर सिंह सहित संयंत्र के अन्य वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी और खिलाड़ी उपस्थित थे।जागरूकता सप्ताह उद्घाटन निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता द्वारा किया गया था। सतर्कता विभाग द्वारा भाषण, चित्रकला, वाद–विवाद, प्रश्नोत्तरी आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। विजेताओं को कला मंदिर में 2 नवंबर को आयोजित समापन समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा।




# कलेक्टोरेट के सामने निर्माणधीन गार्डन में करंट से दो गायों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

- अवैध कनेक्शन की मिल रही शिकायत

जिला कार्यालय के सामने निर्माणाधीन गार्डन में दो गाय की करेंट से मौत हो गई है, वही एक बिल्ली भी फैनसिंग तार की चपेट में आई हैं। फैनसिंग तार में करेंट दौडने से मवेशियों की मौत के बात प्रथम दृष्टया सामने आई है। चर्चा इस बात की भी है कि, अवैध कलेक्टन के जरिए ठेकेदार द्वारा निर्माण किया जा रहा था। वही लापरवाही बरतने के चलते ही बिजली फैसिंग तार में लगी और बडी घटना सामने आई हैं।

प्रशासनिक लापरवाही के चलते मंगलवार की रात जिला कलेक्टोरेट परिसर में दो गायों की जान चली गई। घटना का पता सुबह स्थानीय लोगों को चला, जिसकी सूचना पार्षद नीता जैन को दी गई। सुश्री जैन ने इसकी शिकायत दर्ज कराई तब अफसरों को इसका पता चला। बताया जा रहा है कि, गार्डन में मरम्मत का कार्य चल रहा है। इसे देखते हुए गार्डन की सुरक्षा के लिए फेंसिंग तार लगाई गई है। क्योंकि दोनो मवेशी और बिल्ली मौत के बाद तार से चिपके नजर आ रहे हैं। ऐसे में संभवतः रात को चरते समय गाये इसकी चपेट में आ गई। फिलहाल फेंसिंग तार में करंट कैसे पहुंचा, इसका पता नहीं चल पाया है। लेकिन घटना के पीछे संबंधित ठेकेदार की लापरवाही उजागर हो रही है। बताया गया है कि ठेकेदार द्वारा बगैर परमिशन के विद्युत का उपयोग किया जा रहा था।





### नहीं तो घट सकती थी बड़ी घटना

जिला कार्यालय में रोजाना सैकडों की संख्या में फरियादी पहुंचते है। लेकिन इस तरह की लापरवाही से फरियादियों की भी जान जा सकती थी। लेकिन इसके चपेट में मवेशी आ गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। बहरहाल घटना को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी है। माना जा रहा है कि, बुधवार को न्यायालय में अवकाश होने के कारण बड़ी घटना बाल बाल टल गई। आमतौर पर कामकाज वाले दिनों में बड़ी संख्या में वकील व पक्षकार शताब्दी गार्डन के पास वाहनों की पार्किंग करते हैं, इसके अलावा लोगों की आवाजाही लगी रहती है। सीई एम जामुलकर का कहना है कि इंजीनियर ने जानकारी ली है जिसमें पाया गया कि निगम के कार्यक्षेत्र में निर्माण हो रहा था। जांच की जाएगी।

### अध्यक्ष ने की जांच की मांग

जिला अधिवक्ता संघ और मिलपारा पार्षद नीता जैन ने इस घटना को लेकर प्राशसनिक लापरवाही बताई हैं। उनका कहना है कि, ठेकेदार द्वारा अवेध कनेक्शन लेकर काम किया जा रहा था। जिसकी जांच होनी चाहिए और दोषियों के उपर कार्यवाही होनी चाहिए। उन्होने बताया कि, इस लापरवाही से व्यक्ति की भी मौत हो सकती थी। उन्होने बताया कि, कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी से भी उन्होने इसकी शिकायत की हैं। इस घटना से आक्रोशित लोगो ने सोशल मिडिया में मवेशियों की मौत वाली फोटो वाइरल कर गुस्सा निकाला है और प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई हैं।

# विवाद के बाद हत्या तीन युवकों से पूछताछ



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

मां को मारता देख युवक आक्रोश में आकर एक की हत्या करने का मामला सामने आया है।घटना की जानकारी लगने पर मौके पर पहुची पुलिस गंभीर रुप से घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेजा लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।घटना मोहन नगर थाना क्षेत्र की है। मिली जानकारी मुताबिक ओम नगर दुर्ग निवासी भूपेन्द्र सिंह राजपुत को घर सामने रहने वाले तीन युवको ने मिलकर टंगिया से वार कर मौत के घाट उतार दिया। मृतक औक आरोपी का मकान आमे सामने है। मृतक ने आरोपियों की मां के साथ किसी बात को लेकर विवाद कर रहा था। इसके अलावा दोनों के मध्य मारपीट भी जोरदार हो गया। विवाद को देख आरोपियों ने घर में रखे टंगिया से भूपेन्द्र पर ताबडतोड़ वार कर मौत के घाट उतार दिया। हत्या के मामले में तीन युवकों को पुलिस ने संदेह के आधार पर पकड़कर पूछताछ कर रही है। टीआई मोनिका पाण्डेय ने बताया कि विवाद के बाद हत्या किया गया है। संदेह के आधार युवकों को पकड़ा गया है। पूछताछ किया जा रहा है।

# दीक्षांत समारोह में आईजी हुए शामिल



**भिलाई।** प्रथम वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल भिलाई परेड ग्राउण्ड में पुरूष ट्रेड आरक्षक(अकुशल) बुनियादी प्रशिक्षण सत्र 2024–25 का दीक्षांत समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईजी रामगोपाल गर्ग थे। इस दौरान आईजी को सलामी दी गई उसके बाग परेड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के बाद सेनानी राजेश कुकरेजा द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को पुलिस आचरण संहिता के प्रति श्रद्धा रखने, अपने दायित्व का निर्वहन निष्ठापूर्वक करने, देशभक्ति, अनुशासन, देश की अखण्डता को अक्षुण्ण रखने की शपथ दिलाई गई। सेनानी राजेश कुकरेजा मौजूद अतिथियों का सवागत करते हुए कहा कि प्रथम वाहिनी छसबल भिलाई की स्थापना बीएसपी में हुए उपद्रव के फलस्वरूप काननू व्यवस्था ड्यूटी से निपटने के लिए किया गया थाष। लेकिन इस दायित्व के साथ–साथ विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों का सफल संचालन के लिए भी वाहिनी का गौरवशाली इतिहास रहा है। पुरूष ट्रेड आरक्षक(अकुशल) बुनियादी प्रशिक्षण 2024–25 में 94 पुरूष ट्रडे आरक्षक(अकुशल) को प्रदान किया। 1 अगस्त से 30 अक्टूबर यह समाप्त किया गया। आईजी राम गोपाल गर्ग ने कहा कि ट्रेड आरक्षक, छत्तीसगढ़ राज्य पुलिस समेत सभी सुरक्षाबलों के प्रशासनिक इकाई का मेरूदंड होते हैं। जिनकी वजह से पुलिस के जवान किसी भी परिस्थिति में प्रत्येक्ष क्षण अपनी कार्यवाई और अपनी जिम्मेदारी के लिए तैयार रहती है। सेनानी राजेश कुकरेजा, एसपी जितेन्द्र शुक्ला, एसटीएफ एसपी विजय पाण्डे, 7वीं सेनानी छसबल गायत्री सिंह, रेडियों एसपी अरूण गजपाल, एएसपी सुखनंदन राठौर, उप सेनानी 7 वीं छसबल भिलाई मीता पवार, उप सेनानी सबा अंजुम, जयलाल मरकाम समेत अन्य मौजूद थे।

### पुरस्कार और प्रमाण पत्र भी दिया

ट्रडे आरक्षक अपने सामान्य कर्तव्यों के साथ–साथ गार्ड ड्यूटी और परेड में हिस्सा भाग लेते हैं। अपने शस्त्र चालन और सुरक्षा से जुड़े सीख का उपयोग कर सुरक्षा कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए। प्रशिक्षण सत्र में 45 वर्ष से भी ऊपर आयुवर्ग के कर्मियों द्वारा अपना प्रशिक्षण कालखण्ड पूर्ण किया गया है। उत्कृष्ट प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले ट्रेड आरक्षको प्रमाण पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। आईजी ने वाहिनी परिसर के इंडोर बैडमिंटन हॉल में वुडन–सिंथेटिक कोर्ट का लोकार्पण किया गया।

# अफसर व नेताओं ने लगाई एकता दौड़



हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

- रन फॉर यूनिटी का सफलतापूर्वक हुआ

जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग दुर्ग द्वारा 30 अक्टूबर 2024 को प्रातः 7.30 बजे सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस दौड़ का आयोजन किया गया।

एकता की दौड़ आयोजन स्थल रविशंकर स्टेडियम के मुख्य गेट से प्रारम्भ होकर शा.आदर्श कन्या शाला, गांधी चौक, बस स्टैंड होकर चर्च रोड से होते हुए पुनः मुख्य गेट रविशंकर स्टेडियम पहुंच कर समाप्त हुई। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने एकता की शपथ ली। इस दौड़ में जिले के खिलाड़ी लगमग 300 बालक, बालिकाएं, व्यायाम निर्देशक, पुलिस आरक्षक, खेल संघ के पदाधिकारी, राष्ट्रीय, राज्य स्तर के खिलाड़ियों के साथ-साथ जिला प्रशासन के सभी अधिकारी सम्मिलित हुए। विभाग की ओर से अतिथियों एंव प्रतिभागियों को टोपी वितरित की गई। दौड़ में सतीश ठाकुर उपपुलिस अधीक्षक यातायात द्वारा सुचारु यातायात व्यवस्था एवं नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा पेयजल व्यवस्था की गई। एकता के लिए दौड़ (रन फॉर यूनिटी) को रविशंकर स्टेडियम दुर्ग के मुख्य गेट पर कार्यक्रम के अतिथि विधायक गजेन्द्र यादव, महापौर धीरज बाकलीवाल, आयुक्त दुर्ग संभाग सत्य नारायण राठौर, सहायक कलेक्टर एम भार्गव, अपर कलेक्टर अरविंद एक्का, जिला पंचायत के सीईओ बजरंग दुबे, एसडीएम हरवंश मिरी, कमिश्नर नगर निगम लोकेश चन्द्राकर, एएसपी सुखनंदन राठौर, सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी, हरिश पाटिल सीएसपी, उत्तम ध्रुव डिप्टी कलेक्टर आदि दौड़ में शामिल हुए।

# लंबित प्रकरणों का शीघ्र करें निराकरण



हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

- प्रकरणों का निराकरण 100 दिवस के भीतर आवश्यक

अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी अरविंद एक्का की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में एकल खिड़की प्रणाली 'सीजीआवास पोर्टल' में लंबित प्रकरणों के संबंध में नगर निगम एवं नगर तथा ग्राम निवेश के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में एडीएम ने विभिन्न विभागों में सीजीआवास पोर्टल से प्राप्त लंबित प्रकरणों की जानकारी ली और लंबित प्रकरणों का समय सीमा में शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने ऑनलाईन सीजीआवास पोर्टल में तकनीकी त्रुटियों का निराकरण करते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर प्रावधानों के तहत अनापत्ति प्रदाय किए जाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

एडीएम ने कहा कि प्रकरणों का निराकरण एकल खिड़की प्रणाली के माध्यम से 100 दिवस के भीतर किया जाना आवश्यक है। समय समय पर प्रकरणों का निराकरण हेतु आवश्यक प्रशिक्षण व तकनीकी सहयोग प्रदान भी की जा चुकी है। ज्ञात हो कि नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 की धारा 29/16 में प्रकरणों की निराकरण की समय सीमा निर्धारित है। पोर्टल में निराकरण संबंधी किसी प्रकार की तकनीकी समस्याओं के लिए संचालनालय नगर तथा ग्राम निवेश विभाग, इन्द्रावती भवन, ब्लाक 04, तीसरी मंजिल अटल नवा रायपुर में पदस्थ विषय विशेषज्ञ श्री इन्द्रेश कुमार (साफ्टवेयर इंजीनियर) की नियुक्ति की गई है। उन्होंने कहा कि पोर्टल पर समय सीमा के पश्चात भी कई विभागों के प्रकरण लंबित है, जो कि वर्ष 2020, 2021, 2022 एवं 2023 के प्रकरण हैं, उन्हें शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।

